आईआईएम रांची सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम में शामिल

रांची | आईआईएम रांची, सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम का हिस्सा बन गया है। इस संबद्धता के माध्यम से भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची, सीएफए के साथ भी सहयोग करेगा ताकि क्लास में वास्तविक दुनिया के बारे में सीखने का एक उदाहरण पेश किया जा सकेगा। इससे छात्रों को विभिन्न सत्रों एवं अवसरों के माध्यम से वैश्विक उद्योग के विशेषज्ञों से उद्योग के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलेगा। सीएफए इंस्टीट्यूट ने भी देश में अपना विस्तार किया है और रांची सहित सात नए शहरों में परीक्षा केंद्र शुरू किए हैं। आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह साझेदारी संस्थान के एमबीए छात्रों को विविध और व्यापक सीखने के अनुभव को विस्तारित करने, उनके करियर में वित्तीय कौशल को गहरा करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

Dainik Bhaskar,18.03.2023,Pg. 02